*शोक संदेश*

दिनांक 20 मार्च 2026 को प्रातः लगभग 11:10 बजे कला संकाय के कक्ष संख्या 12 के समक्ष महाविद्यालय के बी.एस-सी. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र सूर्य प्रताप सिंह की गोली मारी गई उसके बाद तत्काल उनको हॉस्पिटल ले जाया गया जहाँ उनकी मृत्यु हो गई। यह अत्यंत मर्मांतक एवं कायरतापूर्ण घटना समूचे महाविद्यालय परिवार के लिए गहरा आघात है। इस जघन्य कृत्य ने न केवल महाविद्यालय की गरिमा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि हम सभी के हृदय पर अमिट पीड़ा और शोक की छाप छोड़ दी है।

इस दुःखद घटना से समस्त महाविद्यालय परिवार शोकाकुल एवं मर्माहत है। हम ईश्वर से दिवंगत आत्मा की चिरशांति के लिए प्रार्थना करते हैं तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना करते हैं।

इस कठिन समय में पूरा महाविद्यालय परिवार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता है।

*प्राचार्य, समस्त प्राध्यापक, समस्त कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं
उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी*